# A-0209 **No. of Pages: 32**

**GECOM- 03**

Business Regulatory Framework / व्यावसायिक नियामक ढांचा

Examination, 2026 (Feb.)

Time: 2 Hours Max Mark: 100

Roll No. (In figures):--------------------------------------------------------------------------------
अनुक्रमांक अंकों में

Roll No. (in words) :---------------------------------------------------------------------------------
अनुक्रमांक शब्दों में

Examination Centre: ---------------------------------------------------------------------------------
परीक्षा केन्द्र

*Invigilator's Signature*

**DO NOT OPEN THE BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO.**

जब तक कहा न जाये,पुस्तिका न खोलें।

FIRST READ ALL THE INSTRUCTIONS / पहले सभी निर्देशों को पढ़ लें।

**Important Instructions** / महत्वपूर्ण निर्देश

1. This paper consists of 100 multiple choice questions (M.C.Q.). All questions are Compulsory and carry 01 mark each. There is no negative marking.
   इस प्रश्न पत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं व प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है। गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।
2. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to choose an appropriate answer option and mark it on the OMR sheet.
   प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) एव (D) दिए गए हैं। आपको उपयुक्त उत्तर विकल्प का चुनाव कर उत्तर ओ.एम.आर प्रपत्र पर अंकित करना है।
3. For marking answers on OMR sheet, follow the detailed instructions given on the OMR Sheet.
   ओ0एम0आर0 प्रपत्र पर अपने सही उत्तर को चिन्हित करने के लिए प्रपत्र पर अंकित निर्देशों का पालन कीजिए।
4. Use only Blue or Black ball point pen for marking on OMR.
   ओ0एम0आर0 पर चिन्ह लगाने के लिए केवल नीली या काली बॉल प्वॉइन्ट पैन का ही इस्तेमाल कीजिए।

1. A contract of sale of goods is defined under which section of the Sale of Goods Act, 1930?

(A) Section 2(1)

(B) Section 4(1)

(C) Section 6(2)

(D) Section 10

वस्तुओं की बिक्री का अनुबंध 1930 के वस्तु बिक्री अधिनियम की किस धारा में परिभाषित है?

(A) धारा 2(1)

(B) धारा 4(1)

(C) धारा 6 (2)

(D) धारा 10

2. A contract of sale involves:

(A) Transfer of property in goods

(B) Transfer of possession only

(C) Transfer of ownership in land

(D) Transfer of money only

बिक्री का अनुबंध संबंधित है:

(A) वस्तुओं की संपत्ति के हस्तांतरण से

(B) केवल कब्जे के हस्तांतरण से

(C) भूमि के स्वामित्व के हस्तांतरण से

(D) केवल धन के हस्तांतरण से

3. When the transfer of property in goods is to take place at a future time, the contract is called a:

(A) Sale

(B) Agreement to sell

(C) Hire purchase

(D) Lease

जब वस्तुओं की संपत्ति का हस्तांतरण भविष्य में होना तय हो, तो अनुबंध कहलाता है-

(A) बिक्री

(B) बिक्री का करार (Agreement to sell)

(C) किराया खरीद (Hire purchase)

(D) पट्टा (Lease)

4. Essential elements of a valid contract of sale include all except:

(A) Two parties

(B) Transfer of ownership

(C) Consideration in the form of price

(D) Free supply of goods

वैध बिक्री अनुबंध के आवश्यक तत्वों में निम्नलिखित में से कौन शामिल नहीं है?

(A) दो पक्ष

(B) स्वामित्व का हस्तांतरण

(C) मूल्य के रूप में प्रतिफल

(D) वस्तुओं की निशुल्क आपूर्ति

5. A "condition" in a contract of sale is:

(A) A minor term of the contract

(B) A major term essential to the main purpose of the contract

(C) A collateral term

(D) A guarantee after sale

बिक्री अनुबंध में "शर्त (Condition)" क्या है?

(A) अनुबंध की छोटी शर्त

(B) अनुबंध के मुख्य उद्देश्य से संबंधित प्रमुख शर्त

(C) सहायक शर्त

(D) बिक्री के बाद दी जाने वाली गारंटी

6. A "warranty" is:

(A) A condition which goes to the root of the contract

(B) A minor stipulation not going to the root of the contract

(C) A void agreement

(D) None of these

"वारंटी" का अर्थ है-

(A) अनुबंध की मूल शर्त

(B) ऐसी छोटी शर्त जो अनुबंध के मूल पर प्रभाव नहीं डालती

(C) अवैध अनुबंध

(D) इनमें से कोई नहीं

7. Breach of condition gives the buyer the right to:

(A) Claim damages only

(B) Repudiate (reject) the contract

(C) Change the seller

(D) None of these

शर्त (Condition) के उल्लंघन पर खरीदार को क्या अधिकार होता है?

(A) केवल हानि भरपाई मांगने का

(B) अनुबंध को अस्वीकार (रद्द) करने का

(C) विक्रेता बदलने का

(D) इनमें से कोई नहीं

8. Breach of warranty gives the buyer the right to:

(A) Repudiate the contract

(B) Claim damages only

(C) Cancel the sale

(D) Return goods immediately

वारंटी के उल्लंघन पर खरीदार को क्या अधिकार होता है?

(A) अनुबंध को रद्द करने का

(B) केवल हानि भरपाई मांगने का

(C) बिक्री रद्द करने का

(D) तुरंत वस्तु लौटाने का

9. If a condition is treated as a warranty, it means:

(A) Buyer waives the condition

(B) Buyer may only claim damages

(C) The contract continues despite the breach

(D) All of the above

यदि किसी शर्त को वारंटी के रूप में माना जाए, तो इसका अर्थ है-

(A) खरीदार शर्त को त्याग देता है

(B) खरीदार केवल हानि भरपाई मांग सकता है

(C) उल्लंघन के बावजूद अनुबंध जारी रहता है

(D) उपरोक्त सभी

10. An implied condition in a contract of sale is related to:

(A) Title of goods

(B) Description of goods

(C) Merchantable quality

(D) All of the above

बिक्री अनुबंध में निहित (implied) शर्तें किससे संबंधित होती हैं?

(A) वस्तुओं के शीर्षक (Title) से

(B) वस्तुओं के विवरण (Description) से

(C) वस्तुओं की व्यापारी गुणवत्ता (Merchantable quality) से

(D) उपरोक्त सभी से

11. Delivery means

(A) Voluntary transfer of possession from one person to another

(B) Payment of price

(C) Transfer of ownership

(D) Transfer of risk

डिलीवरी का अर्थ है -

(A) एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को स्वैच्छिक रूप से वस्तु का अधिकार देना

(B) मूल्य का भुगतान

(C) स्वामित्व का हस्तांतरण

(D) जोखिम का हस्तांतरण

12. Delivery and payment are to be made

(A) At the same time, unless otherwise agreed

(B) Only after delivery

(C) Only after payment

(D) As decided by the court

डिलीवरी और भुगतान किए जाते हैं -

(A) जब तक अन्यथा न हो, एक ही समय पर

(B) केवल डिलीवरी के बाद

(C) केवल भुगतान के बाद

(D) न्यायालय के निर्णय के अनुसार

13. If goods are delivered to the buyer without his consent, ownership-

(A) Passes immediately

(B) Does not pass

(C) Passes after payment

(D) Passes automatically

यदि वस्तुएं खरीदार की सहमति के बिना दी जाती हैं, तो स्वामित्व -

(A) तुरंत स्थानांतरित हो जाता है

(B) स्थानांतरित नहीं होता

(C) भुगतान के बाद स्थानांतरित होता है

(D) स्वतः स्थानांतरित हो जाता है

14. Ownership of goods passes to the buyer when __________

(A) Goods are delivered

(B) Goods are identified and contract unconditional

(C) Payment is made

(D) Invoice is prepared

वस्तुओं का स्वामित्व खरीदार को तब स्थानांतरित होता है जब-_________

(A) वस्तुएं डिलीवर की जाती हैं

(B) वस्तुएं निश्चित हों और अनुबंध बिना शर्त हो

(C) भुगतान किया जाता है

(D) चालान तैयार किया जाता है

15. Risk passes with _________

(A) Ownership

(B) Possession

(C) Delivery

(D) Payment

जोखिम स्थानांतरित होता है -

(A) स्वामित्व के साथ

(B) कब्जे के साथ

(C) डिलीवरी के साथ

(D) भुगतान के साथ

16. When goods are unascertained, property passes _________

(A) At the time of payment

(B) When goods are ascertained

(C) When contract is signed

(D) On delivery

जब वस्तुएं अनिश्चित होती हैं, तो स्वामित्व स्थानांतरित होता है-

(A) भुगतान के समय

(B) जब वस्तुएं निश्चित की जाती हैं

(C) जब अनुबंध पर हस्ताक्षर होते हैं

(D) डिलीवरी के समय

17. Nemo dat quod non habet means _________

(A) No one can give what he does not have

(B) Seller can give anything

(C) Buyer can demand anything

(D) Ownership passes automatically

Nemo dat quod non habet का अर्थ है

(A) कोई भी वह चीज़ नहीं दे सकता जो उसके पास नहीं है

(B) विक्रेता कुछ भी दे सकता है

(C) खरीदार कुछ भी मांग सकता है

(D) स्वामित्व स्वतः स्थानांतरित होता है

18. An unpaid seller is one who _________

(A) Has not received the full price

(B) Has not delivered goods

(C) Has not signed contract

(D) Has returned the good

अवैतनिक विक्रेता वह है जिसने _________

(A) पूर्ण मूल्य प्राप्त नहीं किया है

(B) वस्तुएं नहीं दी हैं

(C) अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं

(D) वस्तुएं वापस कर दी हैं

19. An unpaid seller has rights _________

(A) Against the goods and the buyer personally

(B) Only against the buyer personally

(C) Only against the goods

(D) Against the government

अवैतनिक विक्रेता के अधिकार होते हैं-

(A) वस्तुओं के विरुद्ध और व्यक्तिगत रूप से खरीदार के विरुद्ध

(B) केवल खरीदार के विरुद्ध

(C) केवल वस्तुओं के विरुद्ध

(D) सरकार के विरुद्ध

20. Right of lien means _________

(A) Right to retain possession until payment

(B) Right to sell goods

(C) Right to stop delivery

(D) Right to reject good

लियन का अधिकार का अर्थ है -

(A) भुगतान होने तक वस्तुओं को अपने पास रखने का अधिकार

(B) वस्तुओं को बेचने का अधिकार

(C) डिलीवरी रोकने का अधिकार

(D) वस्तुओं को अस्वीकार करने का अधिकार

21. Right of stoppage in transit arises when _________

(A) Buyer becomes insolvent

(B) Goods are stolen

(C) Buyer refuses delivery

(D) Seller cancels the contract

परिवहन में रोकने का अधिकार तब उत्पन्न होता है जब _________

(A) खरीदार दिवालिया हो जाता है

(B) वस्तुएं चोरी हो जाती हैं

(C) खरीदार डिलीवरी से इंकार करता है

(D) विक्रेता अनुबंध रद्द करता है

22. An unpaid seller's right of resale can be exercised _________

(A) After giving notice to the buyer

(B) Without any notice

(C) Only with court permission

(D) Never

अवैतनिक विक्रेता पुनः बिक्री का अधिकार तब प्रयोग कर सकता है _________

(A) खरीदार को सूचना देने के बाद

(B) बिना किसी सूचना के

(C) केवल न्यायालय की अनुमति से

(D) कभी नहीं

23. After resale by unpaid seller, original buyer-

(A) Has no right on goods

(B) Can still claim the goods

(C) Must pay partial price

(D) Can sue for ownership

अवैतनिक विक्रेता द्वारा पुनः बिक्री के बाद मूल खरीदार -

(A) वस्तुओं पर कोई अधिकार नहीं रखता

(B) वस्तुओं का दावा कर सकता है

(C) आंशिक मूल्य चुका सकता है

(D) स्वामित्व के लिए मुकदमा कर सकता है

24. The Consumer Protection Act in India was first enacted in which year?

(A) 1980

(B) 1986

(C) 1995

(D) 2019

भारतीय उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पहली बार किस वर्ष लागू किया गया था?

(A) 1980

(B) 1986

(C) 1995

(D) 2019

25. The Consumer Protection Act, 1986 was replaced by the new Act in which year?

(A) 2015

(B) 2019

(C) 2022

(D) 2024

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को नए अधिनियम द्वारा किस वर्ष प्रति स्थापित किया गया?

(A) 2015

(B) 2019

(C) 2022

(D) 2024

26. The objective of the Consumer Protection Act is to:

(A) Protect interests of consumers

(B) Promote export trade

(C) Protect manufacturers

(D) Encourage competition

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य है-

(A) उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना

(B) निर्यात व्यापार को बढ़ावा देना

(C) निर्माताओं की सुरक्षा करना

(D) प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना

27. A "consumer" under the Consumer Protection Act means:

(A) A person who buys goods for resale

(B) A person who buys goods for personal use

(C) A person who produces goods

(D) None of these

"उपभोक्ता" का अर्थ है-

(A) जो वस्तुएँ पुनर्विक्रय के लिए खरीदता है

(B) जो वस्तुएँ व्यक्तिगत उपयोग के लिए खरीदता है

(C) जो वस्तुएँ उत्पादन करता है

(D) इनमें से कोई नहीं

28. Which of the following is not a right of the consumer under the Act?

(A) Right to safety

(B) Right to be heard

(C) Right to trade freely

(D) Right to consumer education

निम्न में से कौन-सा उपभोक्ता का अधिकार नहीं है?

(A) सुरक्षा का अधिकार

(B) सुने जाने का अधिकार

(C) स्वतंत्र व्यापार करने का अधिकार

(D) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

29. How many rights of consumers are recognized under the Consumer Protection Act, 2019?

(A) Four

(B) Five

(C) Six

(D) Eight

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत उपभोक्ताओं के कितने अधिकार मान्य हैं?

(A) चार

(B) पाँच

(C) छह

(D) आठ

30. Under the Consumer Protection Act, 2019, the highest authority is:

(A) District Commission

(B) State Commission

(C) National Commission

(D) Consumer Council

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत सर्वोच्च प्राधिकरण कौन-सा है?

(A) जिला आयोग

(B) राज्य आयोग

(C) राष्ट्रीय आयोग

(D) उपभोक्ता परिषद

31. The District Commission can entertain complaints where the value of goods or services paid as consideration does not exceed:

(A) Rs.10 lakh

(B) Rs.50 lakh

(C) Rs.1 crore

(D) Rs.5 crore

जिला आयोग उन शिकायतों की सुनवाई कर सकता है जिनकी वस्तु या सेवा का मूल्य इस राशि से अधिक नहीं है-

(A) ₹10 लाख

(B) ₹50 लाख

(C) ₹1 करोड़

(D) ₹5 करोड

32. The Central Consumer Protection Authority (CCPA) deals mainly with:

(A) Trade promotion

(B) Consumer rights and unfair trade practices

(C) Price fixing

(D) Industrial development

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) मुख्य रूप से किस से संबंधित है?

(A) व्यापार संवर्धन

(B) उपभोक्ता अधिकार और अनुचित व्यापार प्रथाएँ

(C) मूल्य निर्धारण

(D) औद्योगिक विकास

33. The term "deficiency in service" means:

(A) Low prices

(B) Fault, imperfection or shortcoming in service

(C) Delay in delivery

(D) High profit margin

"सेवा में कमी का अर्थ है-

(A) कम मूल्य

(B) सेवा में त्रुटि, अपूर्णता या कमी

(C) आपूर्ति में विलंब

(D) अधिक लाभ मार्जिन

34. Consumer disputes are redressed through how many-tier machinery under the Act?

(A) Two-tier

(B) Three-tier

(C) Four-tier

(D) Single-tier

उपभोक्ता विवादों का निवारण अधिनियम के अंतर्गत कितने स्तर की व्यवस्था से किया जाता है?

(A) दो स्तर

(B) तीन स्तर

(C) चार स्तर

(D) एक स्तर

35. Which of the following is not an example of "unfair trade practice"?

(A) Misleading advertisement

(B) False representation of goods

(C) Giving correct information to buyer

(D) Hoarding and black marketing

निम्न में से कौन "अनुचित व्यापार प्रथा" का उदाहरण नहीं है?

(A) भ्रामक विज्ञापन

(B) वस्तुओं का गलत प्रस्तुतीकरण

(C) खरीदार को सही जानकारी देना

(D) जमाखोरी और कालाबाजारी

36. The Negotiable Instruments Act was enacted in the year:

(A) 1872

(B) 1881

(C) 1890

(D) 1900

परक्राम्य लिखत अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया था?

(A) 1872

(B) 1881

(C) 1890

(D) 1900

37. A Negotiable Instrument means:

(A) A document guaranteeing payment of money

(B) A document of ownership of goods

(C) A contract of sale

(D) None of these

परक्राम्य लिखत का अर्थ है-

(A) धन के भुगतान की गारंटी देने वाला दस्तावेज

(B) वस्तुओं के स्वामित्व का दस्तावेज

(C) बिक्री का अनुबंध

(D) इनमें से कोई नहीं

38. Which of the following is not a negotiable instrument under the Act?

(A) Promissory Note

(B) Bill of Exchange

(C) Cheque

(D) Share Certificate

निम्नलिखित में से कौन अधिनियम के अंतर्गत पर क्राम्यलिखत नहीं है?

(A) प्रतिज्ञा पत्र

(B) विनिमय बिल

(C) चेक

(D) शेयर प्रमाणपत्र

39. How many types of negotiable instruments are recognized under the Negotiable Instruments Act, 1881?

(A) Two

(B) Three

(C) Four

(D) Five

परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत कितने प्रकार के लिखत मान्य हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

40. The three main types of negotiable instruments are:

(A) Cheque, Draft, Bond

(B) Promissory Note, Bills of Exchange, Cheque

(C) Promissory Note, Draft, Bond

(D) Bill of Exchange, Letter of Credit, Draft

परक्राम्य लिखत के तीन मुख्य प्रकार हैं-
(A) चेक, ड्राफ्ट, बांड
(B) प्रतिज्ञापत्र, विनिमय बिल, चेक
(C) प्रतिज्ञापत्र, ड्राफ्ट, बांड
(D) विनिमय बिल, ऋणपत्र, ड्राफ्ट

41. A Promissory Note is:
(A) An order to pay money
(B) A promise to pay money
(C) A request to pay money
(D) None of these
प्रतिज्ञा पत्र क्या है?
(A) भुगतान करने का आदेश
(B) भुगतान करने का वादा
(C) भुगतान करने का अनुरोध
(D) इनमें से कोई नहीं

42. A Bill of Exchange contains:
(A) An unconditional order to pay a certain sum of money
(B) A promise to pay
(C) A conditional order
(D) A receipt of payment
विनिमय बिल में क्या होता है?
(A) निश्चित धन राशि का बिना शर्त भुगतान करने का आदेश
(B) भुगतान करने का वादा
(C) शर्तों वाला आदेश
(D) भुगतान की रसीद

43. A cheque is always payable:
(A) On demand
(B) After a fixed time
(C) After acceptance
(D) After endorsement
चेक हमेशा देय होता है-
(A) मांग पर
(B) निश्चित समय के बाद

(C) स्वीकृति के बाद

(D) समर्थन (Endorsement) के बाद

44. The person who signs the cheque is called:

(A) Payee

(B) Drawee

(C) Drawer

(D) Holder

चेक पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति को क्या कहते हैं?

(A) प्राप्तकर्ता

(B) आहरणकर्ता

(C) निर्गाता

(D) धारक

45. A "holder" of a negotiable instrument is:

(A) A person entitled in his own name to the possession of the instrument and to receive the amount due thereon

(B) The bank which collects the cheque

(C) The person who wrote the cheque

(D) None of these

परक्राम्य लिखत का "धारक (Holder)" कौन होता है?

(A) वह व्यक्ति जो अपने नाम पर लिखत का स्वामी है और राशि प्राप्त करने का अधिकारी है

(B) वह बैंक जो चेक एकत्र करता है

(C) जिस ने चेक लिखा है

(D) इनमें से कोई नहीं

46. A "holder in due course" means:

(A) The original holder

(B) A person who acquires the instrument for consideration before it becomes overdue

(C) A person who finds the instrument

(D) A person who inherits it

"नियत काल का धारक (Holder in due course)" का अर्थ है-

(A) मूल धारक

(B) वह व्यक्ति जिसने पर क्राम्य लिखत नियत समय से पहले मूल्य देकर प्राप्त किया हो

(C) वह व्यक्ति जिसे लिखत मिल गया हो

(D) वह व्यक्ति जिसने इसे विरासत में पाया हो

47. A holder in due course enjoys:

(A) Special rights and privileges

(B) No rights at all

(C) Rights similar to an ordinary holder

(D) Limited rights only

"नियत काल का धारक" किन अधिकारों का आनंद लेता है?

(A) विशेष अधिकार और विशेषाधिकार

(B) कोई अधिकार नहीं

(C) साधारण धारक के समान अधिकार

(D) सीमित अधिकार

48. The instrument is said to be "negotiated" when:

(A) It is destroyed

(B) It is transferred to another person so as to make him the holder

(C) It is dishonoured

(D) It is cancelled

किस स्थिति में पर क्राम्य लिखत "परक्राम्य" कहा जाता है?

(A) जब उसे नष्ट कर दिया जाए

(B) जब उसे किसी अन्य व्यक्ति को धारक बनाने के लिए हस्तांतरित किया जाए

(C) जब वह अनावृत हो जाए

(D) जब उसे रद्द किया जाए

49. Transfer of a negotiable instrument by delivery only applies to:

(A) Order instrument

(B) Bearer instrument

(C) Both of the above

(D) None of these

केवल सुपुर्दगी (delivery) द्वारा हस्तांतरण किस पर लागू होता है?

(A) आदेश लिखत पर

(B) धारक लिखत पर

(C) दोनों पर

(D) इनमें से किसी पर नहीं

50. The party primarily liable on a promissory note is:

(A) Drawer

(B) Drawee

(C) Maker

(D) Payee

प्रतिज्ञा पत्र में मुख्य रूप से उत्तरदायी पक्ष कौन होता है?

(A) निर्गाता

(B) आहरणकर्ता

(C) निर्माता

(D) प्राप्तकर्ता

51. The transfer of ownership of a negotiable instrument from one person to another is called -

(A) Endorsement

(B) Delivery

(C) Negotiation

(D) Acceptance

किसी विनिमेय लिखत का स्वामित्व एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को स्थानांतरित करना कहलाता है -

(A) अनुमोदन (Endorsement)

(B) सुपुर्दगी (Delivery)

(C) परिसमापन (Negotiation)

(D) स्वीकृति (Acceptance)

52. Endorsement means _______________

(A) Signing on the back of an instrument

(B) Issuing a new cheque

(C) Cancelling a cheque

(D) Depositing a cheque in the bank

अनुमोदन (Endorsement) का अर्थ है-

(A) लिखत के पीछे हस्ताक्षर करना

(B) नया चेक जारी करना

(C) चेक को रद्द करना

(D) चेक को बैंक में जमा करना

53. A cheque payable to order can be negotiated by

(A) Delivery only

(B) Endorsement only

(C) Endorsement and delivery both

(D) Bank only

आदेश द्वारा देय चेक को स्थानांतरित किया जा सकता है
(A) केवल सुपुर्दगी से
(B) केवल अनुमोदन से
(C) अनुमोदन और सुपुर्दगी दोनों से
(D) केवल बैंक द्वारा

54. Which of the following is not a kind of endorsement?
(A) Blank endorsement
(B) Full endorsement
(C) Conditional endorsement
(D) Open endorsement
निम्नलिखित में से कौन-सा अनुमोदन का प्रकार नहीं है?
(A) रिक्त अनुमोदन
(B) पूर्ण अनुमोदन
(C) शर्तीय अनुमोदन
(D) खुला अनुमोदन

55. When a cheque is crossed, it means ______________
(A) It can be encashed at any bank counter
(B) It can only be deposited in a bank account
(C) It is cancelled
(D) It is dishonoured
जब एक चेक क्रॉस किया जाता है, तो इस का अर्थ है -
(A) इसे किसी भी बैंक काउंटर पर भुनाया जा सकता है
(B) इसे केवल बैंक खाते में जमा किया जा सकता है
(C) यह रद्द हो गया है
(D) यह अस्वीकृत हो गया है

56. General crossing of a cheque is done by ______________
(A) Writing the name of a bank
(B) Drawing two parallel lines on the face of the cheque
(C) Writing "Account Payee"
(D) Writing "Not Negotiable"
चेक का सामान्य क्रॉसिंग किया जाता है
(A) बैंक का नाम लिखकर
(B) चेक के ऊपर दो समानांतर रेखाएं खींचकर

(C) "Account Payee" लिखकर

(D) "Not Negotiable" लिखकर

57. The words "Not Negotiable" on a crossed cheque mean _______________

(A) The cheque cannot be transferred

(B) The cheque is dishonoured

(C) The transferee does not get a better title than the transferor

(D) The cheque must be returned

क्रॉस किए गए चेक पर "Not Negotiable" शब्दों का अर्थ है -

(A) चेक को स्थानांतरित नहीं किया जा सकता

(B) चेक अस्वीकृत है

(C) प्राप्तकर्ता को स्थानांतरक से बेहतर अधिकार नहीं मिलेगा

(D) चेक लौटाना होगा

58. In case of "Account Payee" crossing _______________

(A) The cheque can be cashed by any person

(B) The cheque can be deposited only in the payee's account

(C) The cheque becomes invalid

(D) The cheque can be endorsed freely

"Account Payee" क्रॉसिंग की स्थिति में _______________

(A) कोई भी व्यक्ति चेक को नकद करा सकता है

(B) चेक केवल प्राप्तकर्ता के खाते में जमा किया जा सकता है

(C) चेक अमान्य हो जाता है

(D) चेक स्वतंत्र रूप से अनुमोदित किया जा सकता है

59. Who can cross a cheque?

(A) Drawer only

(B) Holder only

(C) Banker only

(D) Drawer or holder both

चेक को क्रॉस कौन कर सकता है?

(A) केवल प्रदाता

(B) केवल धारक

(C) केवल बैंकर

(D) प्रदाता या धारक दोनों

60. Endorser is _______________

(A) The person who signs the instrument for transferring it

(B) The person to whom it is endorsed

(C) The person who draws a cheque

(D) The person who pays the cheque

अनुमोदक (Endorser) वह व्यक्ति है _______________

(A) जो लिखत को स्थानांतरित करने हेतु उस पर हस्ताक्षर करता है

(B) जिसे अनुमोदन किया गया है

(C) जो चेक बनाता है

(D) जो चेक का भुगतान करता है

61. The Indian Partnership Act came into force in _______________

(A) 1930

(B) 1932

(C) 1935

(D) 1940

भारतीय साझेदारी अधिनियम लागू हुआ _______________

(A) 1930 में

(B) 1932 में

(C) 1935 में

(D) 1940 में

62. A partnership is the relation between persons who have agreed to share the _____ of a business.

(A) Ownership

(B) Profits and losses

(C) Management

(D) Assets

साझेदारी उन व्यक्तियों के बीच का संबंध है जिन्होंने किसी व्यापार के _____ बाँटने पर सहमति दी हो।

(A) स्वामित्व

(B) लाभ और हानि

(C) प्रबंधन

(D) परिसंपत्तियाँ

63. The maximum number of partners in a partnership firm as per the Companies Act, 2013 is

_______________

(A) 10

(B) 20

(C) 50

(D) 100

कंपनियों अधिनियम, 2013 के अनुसार एक साझेदारी फर्म में अधिकतम साझेदारों की संख्या है __________

(A) 10

(B) 20

(C) 50

(D) 100

64. The document containing the terms of partnership is called -

(A) Memorandum

(B) Partnership deed

(C) Article of association

(D) Agreement of association

साझेदारी की शर्तों वाला दस्तावेज़ कहलाता है

(A) ज्ञापन

(B) साझेदारी अनुलेख (Partnership Deed)

(C) संघ के अनुच्छेद

(D) एसोसिएशन समझौता

65. Which of the following is an essential element of partnership?

(A) Sharing of profits

(B) Common management

(C) Written agreement

(D) Registration

निम्न में से कौन साझेदारी का आवश्यक तत्त्व है?

(A) लाभ का बँटवारा

(B) सामान्य प्रबंधन

(C) लिखित अनुबंध

(D) पंजीकरण

66. A partner who contributes only capital and does not take part in management is called__________

(A) Active partner

(B) Sleeping partner

(C) Minor partner

(D) Nominal partner

जो साझेदार केवल पूंजी लगाता है और प्रबंधन में भाग नहीं लेता, उसे कहते हैं ______________

(A) सक्रिय साझेदार

(B) निष्क्रिय साझेदार (Sleeping Partner)

(C) अल्प वयस्क साझेदार

(D) नाम मात्र साझेदार

67. Every partner has a right to take part in the ________ of the business.

(A) Ownership

(B) Management

(C) Control of accounts only

(D) Sale

हर साझेदार को व्यापार के _______ में भाग लेने का अधिकार होता है।

(A) स्वामित्व

(B) प्रबंधन

(C) केवल खातों के नियंत्रण में

(D) बिक्री

68. A partner must act in good faith and for the benefit of the firm. This is his -

(A) Legal duty

(B) Fundamental right

(C) Moral obligation only

(D) Optional duty

साझेदार को सद्भावना में और फर्म के हित में कार्य करना चाहिए। यह उसका -

(A) कानूनी कर्तव्य है

(B) मौलिक अधिकार है

(C) केवल नैतिक दायित्व है

(D) वैकल्पिक कर्तव्य है

69. Partners are liable to third parties ______________

(A) Jointly only

(B) Severally only

(C) Jointly and severally

(D) Not liable

साझेदार तृतीय पक्षों के प्रति

(A) केवल संयुक्त रूप से उत्तरदायी होते हैं

(B) केवल पृथक रूप से

(C) संयुक्त और पृथक दोनों रूपों में

(D) उत्तरदायी नहीं होते

70. If a partner uses firm's property for personal use, he must ______________

(A) Pay compensation to firm

(B) Inform other partners only

(C) Return property later

(D) Take permission from bank

यदि कोई साझेदार फर्म की संपत्ति का निजी उपयोग करता है, तो उसे ______________

(A) फर्म को क्षति पूर्ति देनी होगी

(B) केवल अन्य साझेदारों को सूचित करना होगा

(C) संपत्ति बाद में लौटानी होगी

(D) बैंक से अनुमति लेनी होगी

71. Every partner has a right to access and inspect _________

(A) All books of the firm

(B) Only profit records

(C) Only accounts of his own capital

(D) No books at all

हर साझेदार को _______ देखने और जांचने का अधिकार होता है।

(A) फर्म की सभी पुस्तकों का

(B) केवल लाभ रिकार्ड का

(C) केवल अपनी पूंजी के खातों का

(D) किसी भी पुस्तक का नहीं

72. If no agreement exists, partners share profits and losses _________

(A) According to capital contribution

(B) Equally

(C) As decided by majority

(D) According to seniority

यदि कोई समझौता नहीं है, तो साझेदार लाभ और हानि को -

(A) पूंजी योगदान के अनुसार

(B) समान रूप से

(C) बहुमत के निर्णय से

(D) वरिष्ठता के अनुसार

73. Registration of a partnership firm under the Indian Partnership Act, 1932 is-

(A) Compulsory

(B) Optional

(C) Illegal

(D) Done by Central Government

भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 के अंतर्गत साझेदारी फर्म का पंजीकरण -

(A) अनिवार्य है

(B) वैकल्पिक है

(C) अवैध है

(D) केंद्रीय सरकार द्वारा किया जाता है

74. Registration of a firm is done with ________

(A) Registrar of Companies

(B) Registrar of Firms

(C) District Magistrate

(D) Income Tax Officer

फर्म का पंजीकरण किया जाता है _________

(A) कंपनी रजिस्ट्रार के साथ

(B) फर्म रजिस्ट्रार के साथ

(C) जिला मजिस्ट्रेट के साथ

(D) आयकर अधिकारी के साथ

75. An unregistered firm cannot _________

(A) Continue its business

(B) File a suit against third party

(C) Open a bank account

(D) Admit new partner

एक अपंजीकृत फर्म _________

(A) अपना व्यवसाय जारी नहीं रख सकती

(B) किसी तृतीय पक्ष के विरुद्ध मुकदमा दायर नहीं कर सकती

(C) बैंक खाता नहीं खोल सकती

(D) नया साझेदार नहीं बना सकती

76. The certificate issued after registration of a firm is called -

(A) Certificate of Incorporation

(B) Certificate of Registration

(C) Partnership Deed

(D) License of Business

फर्म के पंजीकरण के बाद जारी प्रमाण पत्र कहलाता है-

(A) निगम पंजीकरण प्रमाणपत्र

(B) पंजीकरण प्रमाणपत्र

(C) साझेदारी अनुलेख

(D) व्यापार लाइसेंस

77. Which of the following is not affected if a firm is unregistered?

(A) Partners cannot sue each other

(B) Firm cannot sue outsiders

(C) Outsiders can sue the firm

(D) Firm cannot open a bank account

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभाव अपंजीकृत फर्म पर नहीं पड़ता है?

(A) साझेदार एक-दूसरे पर मुकदमा नहीं कर सकते

(B) फर्म बाहरी लोगों पर मुकदमा नहीं कर सकती

(C) बाहरी लोग फर्म पर मुकदमा कर सकते हैं

(D) फर्म बैंक खाता नहीं खोल सकती

78. Dissolution of partnership means _________

(A) Termination of business of the firm

(B) Termination of partnership relation only

(C) Admission of a new partner

(D) Retirement of one partner only

साझेदारी का विघटन (Dissolution of Partnership) का अर्थ है _________

(A) फर्म के व्यवसाय की समाप्ति

(B) साझेदारी संबंध की समाप्ति मात्र

(C) नए साझेदार का प्रवेश

(D) किसी एक साझेदार का सेवानिवृत्त होना

79. Dissolution of firm means _________

(A) End of the firm's business and partnership both

(B) Only change in partners

(C) Temporary closure

(D) Conversion into a company

फर्म का विघटन (Dissolution of Firm) का अर्थ है _________

(A) फर्म के व्यवसाय और साझेदारी दोनों की समाप्ति

(B) केवल साझेदारों में परिवर्तन

(C) अस्थायी बंदी

(D) कंपनी में परिवर्तन

80. A firm may be dissolved _________

(A) By mutual consent of partners

(B) By court's order

(C) By insolvency of all partners

(D) All of the above

फर्म को समाप्त किया जा सकता है _________

(A) साझेदारों की पारस्परिक सहमति से

(B) न्यायालय के आदेश से

(C) सभी साझेदारों के दिवालिया होने से

(D) उपरोक्त सभी से

81. When all partners except one become insolvent, the firm _________

(A) Continues automatically

(B) Dissolves automatically

(C) Converts into company

(D) Must register again

जब एक को छोड़कर सभी साझेदार दिवालिया हो जाते हैं, तो फर्म _________

(A) स्वतः जारी रहती है

(B) स्वतः भंग हो जाती है

(C) कंपनी में परिवर्तित हो जाती है

(D) पुनः पंजीकृत करनी होती है

82. On dissolution, firm's assets are first applied to pay _________

(A) Partners' capital

(B) Outside liabilities

(C) Partners' loans

(D) Partners' profits

विघटन के समय फर्म की परिसंपत्तियाँ सब से पहले चुकाई जाती हैं _________

(A) साझेदारों की पूंजी

(B) बाहरी देन दारियाँ

(C) साझेदारों के ऋण

(D) साझेदारों के लाभ

83. The court may dissolve a firm on which of the following grounds?

(A) Partner becomes of unsound mind

(B) Misconduct of a partner

(C) Continuous losses

(D) All of the above

न्यायालय निम्न में से किन कारणों से फर्म को भंग कर सकता है?

(A) किसी साझेदार का अस्वस्थ मस्तिष्क होना

(B) किसी साझेदार का दुर्व्यवहार

(C) लगातार हानियाँ होना

(D) उपरोक्त सभी

84. After dissolution, the person responsible for winding up the firm's affairs is _________

(A) Registrar

(B) Any one partner

(C) All partners jointly

(D) Court officer

विघटन के बाद फर्म के कार्यों को समाप्त करने की जिम्मेदारी होती है _________

(A) रजिस्ट्रार की

(B) किसी एक साझेदार की

(C) सभी साझेदारों की संयुक्त रूप से

(D) न्यायालय अधिकारी की

85. LLP stands for _________

(A) Limited Legal Partnership

(B) Limited Liability Partnership

(C) Legal Liability Partnership

(D) Limited Loan Partnership

LLP का पूर्ण रूप है _________

(A) लिमिटेड लीगल पार्टनरशिप

(B) लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप

(C) लीगल लाइबिलिटी पार्टनरशिप

(D) लिमिटेड लोन पार्टनरशिप

86. LLP is governed by _________

(A) Indian Partnership Act, 1932

(B) Companies Act, 2013

(C) Limited Liability Partnership Act, 2008

(D) Contract Act, 1872

LLP को नियंत्रित किया जाता है _________

(A) भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 से

(B) कंपनी अधिनियम, 2013 से

(C) सीमित देयता साझेदारी अधिनियम, 2008 से

(D) अनुबंध अधिनियम, 1872 से

87. Minimum number of partners required to form an LLP is _________

(A) One

(B) Two

(C) Three

(D) Five

एक LLP बनाने के लिए न्यूनतम साझेदारों की संख्या है _________

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) पाँच

88. A designated partner must be _________

(A) An Indian resident only

(B) Any foreign citizen

(C) Any employee of the firm

(D) Auditor of the firm

नामित साझेदार (Designated Partner) होना चाहिए _________

(A) केवल भारत का निवासी

(B) कोई भी विदेशी नागरिक

(C) फर्म का कोई कर्मचारी

(D) फर्म का लेखा परीक्षक

89. The liability of partners in LLP is _________

(A) Unlimited

(B) Limited to their capital contribution

(C) Equal for all partners

(D) Fixed by the Registrar

एलएलपी में साझेदारों की देयता होती है _________

(A) असीमित

(B) उनकी पूंजी योगदान तक सीमित

(C) सभी साझेदारों के लिए समान

(D) रजिस्ट्रार द्वारा तय की गई

90. An LLP has _________

(A) No separate legal entity

(B) Separate legal entity from its partners

(C) Same identity as partners

(D) Identity of the main partner only

एक LLP का _________

(A) कोई स्वतंत्र कानूनी अस्तित्व नहीं होता

(B) अपने साझेदारों से अलग कानूनी अस्तित्व होता है

(C) साझेदारों के समान अस्तित्व होता है

(D) केवल मुख्य साझेदार की पहचान होती है

91. The document that defines the mutual rights and duties of partners in LLP is called _________

(A) LLP Agreement

(B) Partnership Deed

(C) Memorandum of Association

(D) Certificate of Incorporation

एलएलपी में साझेदारों के परस्पर अधिकारों और कर्तव्यों को परिभाषित करने वाला दस्तावेज़ कहलाता है _________

(A) एलएलपी अनुबंध (LLP Agreement)

(B) साझेदारी अनुलेख

(C) संघ ज्ञापन

(D) पंजीकरण प्रमाण पत्र

92. The Registrar issues a certificate after registration of LLP known as

(A) Certificate of Incorporation

(B) Certificate of Registration

(C) License of Operation

(D) Partnership Certificate

एलएलपी के पंजीकरण के बाद रजिस्ट्रार जो प्रमाण पत्र जारी करता है, उसे कहा जाता है

(A) निगम पंजीकरण प्रमाणपत्र (Certificate of Incorporation)

(B) पंजीकरण प्रमाण पत्र

(C) संचालन लाइसेंस

(D) साझेदारी प्रमाण पत्र

93. In LLP, partners act as _________

(A) Agents of the firm and other partners

(B) Agents of the LLP but not of other partners

(C) Employees of LLP

(D) Trustees of LLP

एलएलपी में साझेदार होते हैं _________

(A) फर्म और अन्य साझेदारों के अभिकर्ता

(B) केवल एलएलपी के अभिकर्ता, अन्य साझेदारों के नहीं

(C) एलएलपी के कर्मचारी

(D) एलएलपी के ट्रस्टी

94. The Indian law allows conversion of an existing partnership firm into LLP under _________

(A) Section 55 of the LLP Act, 2008

(B) Section 58 of the LLP Act, 2008

(C) Section 60 of the LLP Act, 2008

(D) Section 63 of the LLP Act, 2008

भारतीय कानून के अनुसार मौजूदा साझेदारी फर्म को एलएलपी में बदला जा सकता है _________

(A) धारा 55 के अंतर्गत

(B) धारा 58 के अंतर्गत

(C) धारा 60 के अंतर्गत

(D) धारा 63 के अंतर्गत

95. GST stands for _________

(A) General Sales Tax

(B) Goods and Service Tax

(C) Government Sales Tax

(D) Gross Supply Tax

GST का पूरा नाम है _________

(A) जनरल सेल्स टैक्स

(B) गुड्स एंड सर्विस टैक्स

(C) गवर्नमेंट सेल्स टैक्स

(D) ग्रॉस सप्लाई टैक्स

96. GST is a _________

(A) Direct tax

(B) Indirect tax

(C) Income tax

(D) Property tax

जीएसटी एक _________

(A) प्रत्यक्ष कर है

(B) अप्रत्यक्ष कर है

(C) आयकर है

(D) संपत्ति कर है

97. GST is levied on _________

(A) Income

(B) Wealth

(C) Supply of goods and services

(D) Profits

जीएसटी लगाया जाता है _________

(A) आय पर

(B) संपत्ति पर

(C) वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर

(D) लाभ पर

98. How many types of GST are there in India?

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 5

भारत में जीएसटी के कितने प्रकार हैं?

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 5

99. The three types of GST are _________

(A) CGST, SGST, IGST

(B) VAT, CST, GST

(C) State tax, Central tax, Local tax

(D) Excise, Customs, GST

जी एस टी के तीन प्रकार हैं _________

(A) सीजीएसटी, एसजीएसटी, आईजीएसटी

(B) वैट, सीएसटी, जीएसटी

(C) राज्य कर, केंद्रीय कर, स्थानीय कर

(D) उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क, जीएसटी

100. CGST is collected by _________

(A) State Government

(B) Central Government

(C) Both jointly

(D) Local bodies

सी जी एस टी वसूल करता है _________

(A) राज्य सरकार

(B) केंद्रीय सरकार

(C) दोनों संयुक्त रूप से

(D) स्थानीय निकाय

***************